प्रतिवेदन

कार्य का नामः— मुख्यमंत्री घोषणा के अन्तर्गत जनपद उत्तरकाशी के विधानसभा क्षेत्र गंगोत्री मे भटवाड़ी में बौगा से कियांणगाव तक मोटर मार्ग का निर्माण कार्य हेतु 1.350 है0 वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव (किमी0 2.0तक)

उक्त कार्य मा0 मुख्यामंत्री जी की घोषणा के अन्तर्गत प्रथम चरण हेतु रु0 17.55 लाख की स्वीकृति उत्तराखण्ड शासन के पत्रांक 2501/III(2)/15–04(मु0मं0घो0)/2015 दिनांक 18 अप्रैल 2015 द्वारा प्राप्त है।

मार्ग निर्माण के अन्तर्गत पडने वाली वन भूमि का संयुक्त निरीक्षण 27/10/2015 राजस्व विभाग,वन विभाग एवं प्रस्तावक विभाग द्वारा किया गया।जिसमें आरक्षित वन भूमि 0.585 एवं सिविल सोयम वन भूमि 0.765 है0 व नाप भूमि 0.450 है0 भूमि का उपयोग किया जायेगा।जिसमे विभिन्न प्रजातियो के 217 वृक्षो का पातन किया जाना आवश्यक है। इस मोटर मार्ग के निर्माण हेतु प्रथम चरण की स्वीकृति प्राप्त हुयी है। इस मोटर मार्ग के निर्माण हेतु प्रथम चरण की स्वीकृति प्राप्त हुयी है। उक्त मार्ग से लाभान्वित होने वाले ग्रामों की सूची निम्नवत् है :–

कम संख्या	गांव का नाम	ग्राम कोड	कुल जनसंख्या	कुल एस0सी0	कुल एस0टी0
1	बौगा	040786	645	139	0

विगत वर्ष मा0 मुख्यामंत्री जी की घोषणा के अन्तर्गत प्रथम चरण हेतु यह मार्ग बौगा भैलूडा मो0मा0 से कियाण गांव तक स्वीकृत हुआ है। इस हेतु दो समरेखणों पर विचार किया गया जिनका विवरण निम्नवत् है :–

समरेखण संख्या – 1 :– यह समरेखण 1:17 तथा 1:15 के राईज पर नाप भूमि से होकर गुजरता है। इस समरेखण में पहाड़ी का ढ़ाल अधिक होने के कारण तथा एच0 पी0 बैण्ड हेतु उचित स्थान न होने के कारण इस समरेखण में 06 एच0पी0 बैण्ड आ रहे हैं तथा ग्राम वासी भी इस समरेखण पर सहमत नहीं हैं जिस कारण इस समरेखण को निरस्त करने की संस्तुति की जाती है।

समरेखण संख्या – 2 :– प्रस्तावित समरेखण 1:20 तथा 1:17 के राईज पर नाप भूमि से होकर गुजरता है, नापभूमि का मालिकाना हक इस सड़क से लाभान्वित होने वाले बौगा तथा कियाण गांव का ही है जिससे यह सड़क जल्दी निर्मित होकर ग्रामवासियों को जल्दी यातायात उपलब्ध करवायेगी। साथ ही इस मार्ग पर एच0पी0 बैण्ड खेतों में पड़ने के कारण मार्ग की सुरक्षा तथा सुगमता और अधिक बढ़ जाती है। उक्त समरेखण पर गांव वासियों की सहमति भी प्राप्त है।

अतः वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव चैकलिस्ट के आधार पर किया गया है। मार्ग निर्माण हेतु 1.350 है0 वन भूमि प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 भटवाडी के पक्ष मे हस्तान्तरण प्रस्ताव स्वीकृति हेतु प्रेषित।

सहायक अभियंता
प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग भटवाड़ी
उत्तरकाशी

अधिशासी अभियंता
प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग भटवाड़ी
उत्तरकाशी